भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

राज्य सभा
असतारांकित प्रश्न सं. 2625
जिसका उत्तर 12/08/2025 को दिया गया

ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट की स्थिति

2625 श्रीमती माया नारोलियाः
श्री बाबू राम निषादः
श्रीमती संगीता यादवः
श्री केसरीदेवसिंह झालाः
श्री नारायण कोरागप्पाः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) पाकिस्तानी मूल के माल के अवैध आयात में कौन-कौन से अन्य देश लिप्त पाए गए हैं;

(ग) क्या राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने पाकिस्तानी मूल के माल के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर सरकार द्वारा लगाई गई आयात नीति शर्तों के किसी भी घोर उल्लंघन का पता लगाया है; और

(घ) यदि हाँ, तो उल्लंघनों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): ऑपरेशन डीप मेनिफेस्ट जारी है, जिसका उद्देश्य पाकिस्तानी मूल के या वहाँ से निर्यात होने वाले माल के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात को रोकना है। जुलाई 2025 तक, इस अभियान के तहत, डीआरआई द्वारा पाकिस्तानी मूल के माल से जुड़े कुल 5 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 1204 लाख रुपये मूल्य का माल ज़ब्त किया गया है। सभी 5 मामलों में माल संयुक्त अरब अमीरात के रास्ते आयात किया गया है।

(ग) और (घ): डीआरआई ने उपरोक्त पैरा (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित 5 मामलों का पता लगाया है, जिनमें डीजीएफटी अधिसूचना संख्या 06/2025-26 दिनांक 02.05.2025 द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों सहित मौजूदा कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए माल का आयात किया गया पाया गया है।